दिन– रविवार दिनांक– 27 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार करेंगे साझा।

02. केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों का सीधा प्रसारण नहीं करने का परामर्श किया जारी।

03. प्रदेश में नियोजित शिक्षकों के लिए तीसरी सक्षमता परीक्षा का आयोजन दस से पंद्रह मई के बीच।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना, सीवान, शिवहर, मधुबनी, पूर्वी तथा पश्चिम चंपारण सहित कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए को सौंप दी है। सूत्रों ने कहा है कि अब एजेंसी इस आतंकी हमले की घटना की औपचारिक जांच करेगी। इससे पहले एनआईए की टीम ने आतंकी हमले वाली जगह का दौरा किया था। यह हमला इसी महीने की बाईस तारीख को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम के बैसरन वन क्षेत्र में हुआ था, जिसमें छब्बीस लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए।

---

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों का सीधा प्रसारण नहीं करने का परामर्श जारी किया है।

———बाईट———

करगिल युद्ध, 26/11 मुम्बई आतंकी हमले और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान, अनियंत्रित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया था। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपने परामर्श में, मीडिया से रक्षा अभियानों या गतिविधियों से संबंधित रिपोर्टिंग में, सूत्रों के हवाले से खबर चलाने से दूर रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि समय से पहले ही संवेदनशील सूचनाओं का खुलास करने से, देशविरोधी तत्वों के लिए सहायक साबित हो सकता है। इसके अलावा सुरक्षा अभियानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा भी खतरे में आ सकती है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

गृह मंत्रालय के आदेश पर बिहार सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहार में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें हर हालत में पाकिस्तान भेजने की कार्रवाइ शुरू कर दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि विदेश मंत्रालय के सहयोग से बिहार में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों को हर हालत में बिहार से पाकिस्तान भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

———बाईट———

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सभी प्रखंड पदाधिकारियों को पीएम आवास योजना—ग्रामीण में आवंटित सभी आवासों को समय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों में भवनों को विकसित करने का काम चल रहा है। श्री कुमार ने पटना में प्रखंड विकास पदाधिकारियों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बीडीओ को वाहन सहित हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

---

स्वास्थ्य विभाग में सत्रह हजार पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि इन पदों के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग और राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से बहाली की जायेगी। श्री पांडेय ने बताया कि इन पदों पर लिखित परीक्षा और कार्य अनुभव के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में निकाली गयी रिक्तियों को मिलाकर तैंतीस हजार तीन सौ तेरासी पदों पर नई बहाली की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

---

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि पटना के ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के छात्रों ने एक बार फिर अग्रणी कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष अबतक कुल एक सौ अट्ठासी छात्रों का प्लेसमेंट चौवालीस विभिन्न कंपनियों में हुआ है। उन्होंने यह जानकारी संस्थान परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। डॉक्टर सिद्धार्थ इस संस्थान के निदेशक भी हैं।

---

पशुपालन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉक्टर विजयालक्ष्मी ने कहा कि बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन क्षेत्र का बड़ा योगदान है। उन्होंने पटना में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में दूध, अंडा, मांस, मुर्गा और मछली का कारोबार नब्बे हजार से एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को जनता का पूरा समर्थन मिलेगा। श्री कुमार ने पटना में जदयू कार्यालय में पार्टी के विधि प्रकोष्ट द्वारा आयोजित अधिवक्ता समागम को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को जीत दिलाने के लिए सभी एकजुटता के साथ काम करेंगे।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि नियोजित शिक्षकों के लिए तीसरी सक्षमता परीक्षा का आयोजन दस से पंद्रह मई के बीच किया जाएगा। वहीं, चौथी और पांचवीं सक्षमता परीक्षा के लिए मई के दूसरे सप्ताह में प्रक्रिया शुरू होगी। चौथे चरण की सक्षमता परीक्षा का आयोजन चौदह और पंद्रह जून को किया जाएगा।

–––बाईट–––

इधर, बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा की तारीख तय नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ाई जा रही है। बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर ने अभ्यर्थियों को अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी दो हजार पच्चीस के बारे में संदिग्ध दावों की रिपोर्ट के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म की शुरूआत की है। एजेंसी ने अभ्यर्थियों को गलत काम करने और झूठे दावों के साथ

परीक्षार्थियों को धोखा देने की कोशिश करने वाले बेईमान लोगों के बहकावे में न आने का परामर्श दिया है। एजेंसी ने परीक्षार्थियों से इस तरह की भ्रामक जानकारी और इसे फैलाने वाले लोगों की रिपोर्ट चार मई को शाम पांच बजे तक एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर करने का भी अनुरोध किया है।

---

प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज पटना, सीवान, गोपालगंज, शिवहर, मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और पूर्वी तथा पश्चिम चंपारण जिले में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सोमवार राज्य के पच्चीस जिलों में विभिन्न स्थानों पर आंधी–पानी के साथ वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही नालंदा, नवादा, लखीसराय, समस्तीपुर, दरभंगा समेत नौ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि कुछ स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गया और डिहरी प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे।

---

पटना में आयोजित बिहार राज्य अंडर सेवन शतरंज प्रतियोगिता में चार चक्रों की समाप्ति के बाद बालक वर्ग में लखीसराय के वैभव आनंद चार अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। वहीं, बालिका वर्ग में पटना की वंशिका महेश्वरी और मुजफ्फरपुर की दिशा कुमारी चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से आगे चल रही हैं।

---

बिहार बीच कबड्डी टीम का चयन आज बेगूसराय के सिमरिया घाट में किया जायेगा। बिहार कबड्डी संघ के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चयनित खिलाड़ी पन्द्रह से अठारह मई तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

---

बेंगलुरू में आयोजित ग्रैंड थौर्नटन गोल्फ प्रतियोगिता में पटना के अमन राज ने छठा स्थान प्राप्त किया है। इस टूर्नामेंट में अमन का स्कोर दो सौ पांच रहा। इस प्रतियोगिता में देश के बहत्तर पुरूष और महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

---

बेगूसराय जिले की पुलिस ने कुख्यात अपराधी कुमार यादव को लखमिनियाँ से गिरफ्तार किया है। वहीं, नावकोठी थाना और डंडारी थानान्तर्गत पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र के पड़रिया से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब जब्त की है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– ऑपरेशन क्लीन से आतंक पर करारी चोट। कश्मीर के अनंतनाग में एक सौ पचहत्तर लोगों को हिरासत में लिया गया।

दैनिक जागरण ने अधिवक्ता समागम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– समाज के सभी वर्गों के उत्थान और हर क्षेत्र के विकास के लिए किया काम।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– पहचान पत्रों के लिए एकीकृत पोर्टल लाने की तैयारी। आधार–पैन इत्यादि में अब एक साथ नाम–पता–नम्बर बदलेगा।

फसल क्षति की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये प्रभात खबर ने लिखा है– चालीस हजार किसानों को मिला बत्तीस करोड़ तेरासी लाख रूपये का मुआवजा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार करेंगे साझा।

02. केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों का सीधा प्रसारण नहीं करने का परामर्श किया जारी।

03. प्रदेश में नियोजित शिक्षकों के लिए तीसरी सक्षमता परीक्षा का आयोजन दस से पंद्रह मई के बीच।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना, सीवान, शिवहर, मधुबनी, पूर्वी तथा पश्चिम चंपारण सहित कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर रेड अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।